शिकायतों का थाना दिवस पर होगा समाधान

संदेश वाहक न्यूज

शाहजहांपुर। नगरीय क्षेत्रों में स्थित थानावार नामित किये नगर निगम के अधिकारियों ने समाधान दिवस के अवसर पर जन-समस्याय सुनीं।

नगर आयुक्त ने कहा कि नामित किये गये अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को संबन्धित थानों में उपस्थित रहकर नगर निगम की सेवाओं से संबन्धित शिकायतें सुनकर उनका निर्धारित समयावधि 5 दिवस में समाधान सुनिश्चित करायेगें। नगर आयुक्त ने थाना सदर बाजार से सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, थाना कोतवाली से सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, थाना रामचन्द्र मिशन से मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह व थाना रोजा में कर निर्धारण अधिकारी भूपेन्द्र सिंह बीसेन को नामित किया गया। जिन्होने आज संबन्धित थानों में उपस्थित रहकर जन-समस्याओं को सुना गया व प्राप्त समस्याओं/शिकायतों के निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देषित किया गया।

समाधान दिवस पर जन-समस्याएं सुनते अधिकारी।

समाधान दिवस

- **नामित किये नगर निगम के अधिकारियों ने समाधान दिवस पर सुनीं फरियादियों की समस्याएं**

इसके साथ ही थानों में आयोजित होने वाले समाधान दिवस के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने थानों में विशेष सेनेटाइजेषन अभियान संचालित कियें जाने के निर्देष नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. वीरेन्द्र कुमार वर्मा को दिये गये।